DATE

468 दैनिक जागरण :- 02/04/2026

(469) दैनिक भास्कर :- 02/04/2026

## विद्यार्थियों को सौंपे प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र



एक्सीलेंस टेक्नोलाजी का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कालेज के विद्यार्थी ● सौ. कालेज

**पालमपुर :** बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में बीसीए अंतिम वर्ष के छात्रों का 45 दिवसीय एक्सीलेंस टेक्नोलाजी प्रशिक्षण वीरवार को संपन्न हो गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक वेब डेवलपमेंट तकनीकों के तहत एमइआरएन स्टैक, इसमें मांगो डीएम और रिएक्ट जेएस का ज्ञान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर बधाई दी तथा उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। (संस)

## बत्रा कॉलेज पालमपुर में एक्सीलेंसी टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण समारोह संपन्न

**पालमपुर |** बत्रा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर में बीसीए अंतिम वर्ष के छात्रों का 45 दिवसीय एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण के समापन समारोह में सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक वेब डेवलपमेंट तकनीकों का ज्ञान प्राप्त किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी फीडबैक साझा की और बताया कि इस प्रशिक्षण से उनके तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल में वृद्धि हुई है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर बधाई दी तथा उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के समर्पण की सराहना की और बताया कि भविष्य में इस प्रशिक्षण से उन्हें किस प्रकार लाभ मिलेगा।

470. अमर उजाला :- 02/04/2026

## एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी का लिया प्रशिक्षण


**पालमपुर (कांगड़ा)।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में बीसीए अंतिम वर्ष के छात्रों का 45 दिवसीय एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण का समापन समारोह संपन्न हुआ। इसमें सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए। विद्यार्थियों ने आधुनिक वेब डेवलपमेंट तकनीकों का प्रशिक्षण लिया। विद्यार्थियों ने फीडबैक साझा की। कालेज के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों को बधाई दी। इस मौके पर प्रो. कल्पना ऋषि, समन्वयक डॉ. दिवाकर, प्रो. स्वाति, प्रो. महक, प्रो. दिशा, प्रो. नितिका, प्रो. निधि, प्रशिक्षक जतिन शर्मा तथा विशाल आदि मौजूद रहे। संवाद

Scanned with OKEN Scanner

471 दिव्य हिमाचल ! -
07/04/2026

(472.) अमर उजाला !
07/04/2026

## छात्रों ने तैयार की बटन मशरूम की उपज



पालमपुरः कार्यक्रम के दौरान बटन मशरूम की तैयार की गई उपज दिखाते छात्र

पालमपुर। शहीद कैप्टन बिक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने स्किल लैब इंसेंटिव सेंटर के तहत सोमवार को पहली बार बटन मशरूम की सफल उपज प्राप्त की। इन विद्यार्थियों ने पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण, जो हॉर्टिकल्चर डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित किया गया था, से यह कौशल सीखा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने विद्यार्थियों के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण का लाभ अन्य विद्यार्थियों को भी मिलना चाहिए। समन्वयक डा. मीनाक्षी ने बताया कि यह स्किल लैब इंसेंटिव सेंटर प्रदेश के महाविद्यालयों में एकमात्र ऐसी लैब है, जहां विद्यार्थी मशरूम का उत्पादन और उसका विपणन करना सीख रहे हैं। जो विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करती है।

## छात्रों ने लिया मशरूम प्रशिक्षण

पालमपुर (कांगड़ा)। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने स्किल लैब इन्सेंटिव सेंटर के तहत सोमवार को पहली बार बटन मशरूम की सफल उपज प्राप्त की। इन विद्यार्थियों ने हॉर्टिकल्चर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत आयोजित किए गए पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण में यह कौशल सीखा।

प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों के कार्य की सराहना की। समन्वयक डॉ. मीनाक्षी ने बताया कि इस स्किल लैब इंसेंटिव सेंटर में विद्यार्थी मशरूम का उत्पादन और उसका विपणन करना सीख रहे हैं, जो विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करती है। संवाद

Scanned with OKEN Scanner

के अवसर भी प्रदान करता है।

73. दैनिक जागरण :- 07/04/2026

# प्रशिक्षण लेकर कालेज के छात्रों ने किया मशरूम का उत्पादन

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने स्किल लैब इंसेंटिव सेंटर के तहत पहली बार बटन मशरूम की सफल उपज प्राप्त की। विद्यार्थियों ने हार्टिकल्चर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत आयोजित पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण से यह कौशल सीखा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण का लाभ अन्य विद्यार्थियों को भी मिलना चाहिए। समन्वयक डा. मीनाक्षी ने बताया कि यह स्किल लैब इंसेंटिव सेंटर प्रदेश के महाविद्यालयों में एकमात्र ऐसी लैब है, जहां विद्यार्थी मशरूम का उत्पादन और उसका विपणन करना सीख रहे हैं।



पालमपुर कालेज के विद्यार्थी तैयार किए गए मशरूम के साथ • सौ. महाविद्यालय

(474) हिमाचल दस्तक :- 07/04/26

## पालमपुर में मशरूम उत्पादन से स्वरोजगार की नई राह



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर के विद्यार्थियों ने स्किल लैब इंसेंटिव सेंटर के तहत पहली बार बटन मशरूम की सफल उपज प्राप्त की। इन विद्यार्थियों ने पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण, जो हॉर्टिकल्चर डेवेलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित किया गया था, से यह कौशल सीखा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण का लाभ अन्य विद्यार्थियों को भी मिलना चाहिए। समन्वयक डॉ. मीनाक्षी ने बताया कि यह स्किल लैब इंसेंटिव सेंटर प्रदेश के महाविद्यालयों में एकमात्र ऐसी लैब है, जहां विद्यार्थी मशरूम का उत्पादन और उसका विपणन करना सीख रहे है, जो विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करती है।

(475.) दैनिक भास्कर :- 07/4/26

## बत्रा महाविद्यालय में पहली बार प्राप्त की बटन मशरूम की सफल उपज

पालमपुर | बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने स्किल लैब इंसेंटिव सेंटर के तहत सोमवार को पहली बार बटन मशरूम की सफल उपज प्राप्त की। इन विद्यार्थियों ने पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण से यह कौशल सीखा। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने विद्यार्थियों के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण का लाभ अन्य विद्यार्थियों को भी मिलना चाहिए। समन्वयक डॉ. मीनाक्षी ने बताया कि यह स्किल लैब इंसेंटिव सेंटर प्रदेश के महाविद्यालयों में एकमात्र ऐसी लैब है, जहां विद्यार्थी मशरूम का उत्पादन और उसका विपणन करना सीख रहे हैं, जो विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करती है।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

76. दैनिक जागरण :- 08/04/2026

(477). पंजाब केसरी :- 08/4/2026

## राष्ट्रीय सम्मेलन की विवरणिका जारी



राष्ट्रीय सम्मेलन की विवरणिका जारी करते स्टाफ सदस्य ● सौ. महाविद्यालय

**पालमपुर** : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में भारतीय ज्ञान परंपराएं सतत भविष्य के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण विषय पर होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की विवरणिका मंगलवार को जारी की गई। यह सम्मेलन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएसएसआर) के सहयोग से सात व आठ मई को आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि विभिन्न विषयों के विद्वान, शोधार्थी व शिक्षक सम्मेलन में विचारों का आदान-प्रदान कर सकेंगे। आयोजन सचिव लेफ्टिनेंट रेनू डोगरा, संयोजक डा. मयंक राणा व सह संयोजक डा. खुशी राम भगत ने बताया कि सम्मेलन में देशभर से प्रतिभागी भाग लेंगे। (संस)

## बत्रा राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सम्मेलन की विवरणिका जारी

पालमपुर, 7 अप्रैल (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर में भारतीय ज्ञान परंपराएं, सतत भविष्य के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण विषय पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की विवरणिका विधिवत रूप से जारी की गई। यह सम्मेलन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग से 7 एवं 8 मई, 2026 को हाईब्रिड मोड में आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सम्मेलन के संरक्षक प्रो. पंकज सूद ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मेलन विभिन्न विषयों के विद्वानों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकेंगे। सम्मेलन की आयोजन सचिव लैफ्टिनैंट रेनू डोगरा, संयोजक डॉ. मयंक राणा एवं सह-संयोजक डॉ. खुशी राम भगत ने बताया कि इस आयोजन में देशभर से प्रतिभागियों की भागीदारी अपेक्षित है और यह कार्यक्रम अकादमिक दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

दिव्य हिमाचल :- 08/04/2026

## बतरा कालेज पालमपुर में राष्ट्रीय सम्मेलन सात-आठ मई को

पालमपुर । शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में भारतीय ज्ञान परंपराएं सतत भविष्य के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण विषय पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की विवरणिका विधिवत रूप से जारी की गई। यह सम्मेलन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग से 7 एवं 8 मई को हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सम्मेलन के संरक्षक प्रो. पंकज सूद ने कहा कि यह सम्मेलन विभिन्न विषयों के विद्वानों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकेंगे। सम्मेलन की आयोजन सचिव लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा, संयोजक डा. मयंक राणा एवं सहसंयोजक डा. खुशीराम भगत ने बताया कि इस आयोजन में देशभर से प्रतिभागियों की भागीदारी अपेक्षित है और यह कार्यक्रम अकादमिक दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

Scanned with OKEN Scanner

479. दैनिक जागरण !- 25/04/2026

(480.) हिमाचल दस्तक !- 25/04/2026

DATE

# कालेज के नौ मेधावियों को दिए ई-वाउचर

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में श्रीनिवास रामानुजन छात्र डिजिटल योजना के तहत सत्र 2023 ,2024 व 2025 के पात्र नौ छात्रों को ई-वाउचर प्रदान किए गए। इस वाउचर के माध्यम से छात्र लैपटाप या टैबलेट खरीद सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना है। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने छात्रों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। (जासंकें)

# 9 छात्रों को ई-रूपी वाउचर प्रदान किए

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में बुधवार को श्रीनिवास रामानुजन छात्र डिजिटल योजना के तहत सत्र 2023, 2024 और 2025 के पात्र नौ छात्रों को ई-रूपी वाउचर प्रदान किए गए। इस वाउचर के माध्यम से छात्र लैपटॉप या टैबलेट खरीद सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना है। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

Scanned with OKEN Scanner